डॉ. अभिजात सी. शेठ
अध्यक्ष
Dr. Abhijat C. Sheth
Chairman

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार
National Medical Commission
Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

## संदेश

हिंदी दिवस के पावन अवसर पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं !

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत की एकता, अखंडता एवं भाषाई समन्वय को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से संविधान सभा ने 14 सितंबर, 1949 को सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया कि संघ सरकार के राजकीय कार्यों के लिए हिंदी को राजभाषा तथा देवनागरी को उसकी लिपि के रूप में स्वीकार किया जाए।

हिंदी हमारी राजभाषा ही नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विरासत, राष्ट्रीय एकता और जनसामान्य से संवाद का एक सशक्त माध्यम भी है। प्रशासनिक कार्यों में हिंदी का प्रयोग न केवल राजभाषा नीति के उद्देश्यों की पूर्ति करता है, बल्कि कार्य निष्पादन को अधिक सरल, प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुख बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग अत्यंत सराहनीय है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करते हुए राजभाषा के प्रचार-प्रसार, संवर्धन एवं विकास में सक्रिय योगदान देते रहेंगे तथा आयोग में हिंदी के प्रयोग को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

हिंदी दिवस हमें अपनी राजभाषा के प्रति निष्ठा, सम्मान एवं प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। आइए, हम सभी यह संकल्प लें कि सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ावा देंगे तथा राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

एक बार पुनः आप सभी को हिंदी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**"जय हिंद"**

अभिजात शेठ

14 सितंबर, 2026

**(डॉ. अभिजात सी. शेठ)**

Pocket-14, Sector-8, Phase-I, Dwarka, New Delhi-110077
Tele: 011-25367039, Website: www.nmc.org.in, Email: chairman-nmc@nmcindia.gov.in